'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा' अवॉर्ड का वितरण

■ **बदनापुर, (सं).** क्विक हील टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की सीएसआर शाखा, क्विक हील फाउंडेशन ने 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा' अवार्ड का आयोजन किया. यह कार्यक्रम उन संस्थानों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रयासों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया, जिन्होंने साइबर सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. इस मौके पर राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन, पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर सोलापुर विवि के कुलपति डॉ. प्रकाश महानवर और सुश्री अनुपमा काटकर ने शोभा बढ़ाई. इसके अलावा, क्विक हील के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक डॉ. कैलाश काटकर, संयुक्त प्रबंध निदेशक डॉ. संजय काटकर, और सीईओ श्री विशाल साल्वी भी उपस्थित रहे. 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा' पहल युवाओं को कौशल से सशक्त

बनाने पर जोर देती है. यह आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए एक मंच भी देती है. यह कार्यक्रम 'डिजिटल इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' की सोच में मदद करता है, इस पहल से नुक्कड़ नाटक, वर्कशॉप और डिजिटल अभियानों से अब तक लाखों लोगों तक पहुंच चुकी है. इसका असर 120 से अधिक संस्थानों के साथ साझेदारी, 4600 से ज्यादा साइबर वॉरियर्स को प्रशिक्षण, और 55.92 लाख से अधिक स्कूली और कॉलेज के छात्रों को जागरूक करने में साफ दिखता है. जिससे सुरक्षा प्रदान होती है.